जबलपुर | मंगलवार | 13 जनवरी 2026 | वर्ष 76 | अंक 340 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
जबलपुर 77 वां वर्ष संस्करण




# भारत-जर्मनी के बीच कई समझौते

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर मर्ज ने थामी विकास की डोर

**नई दिल्ली, 12 जनवरी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के बीच सोमवार को गांधीनगर के महात्मा मंदिर कनवेंशन सेंटर में द्विपक्षीय वार्ता हुई. यहां रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए कई बड़े समझौता ज्ञापन (एमओयू) साइन किए हैं.**

संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 50 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर गया है, जो कि अब तक का सबसे उच्चतम स्तर है. पीएम ने आगे कहा कि करीब दो हजार से ज्यादा जर्मन कंपनियां भारत में काम कर रही हैं, यह कंपनियों का भारत में विश्वास और यहां मौजूद अवसरों को दिखाता है.



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले कुछ साल में दोनों देशों के बीच टेक्नोलॉजी कोऑपरेशन लगातार बढ़ा है और अब यह जॉइंट प्रोजेक्ट्स और इन्वेस्टमेंट के जरिए जमीन पर भी दिख रहा है. भारत और जर्मनी रिन्यूएबल एनर्जी और क्लाइमेट एक्शन में एक जैसी प्राथमिकताएं शेयर करते हैं. इन क्षेत्रों में कोऑपरेशन को मजबूत करने के लिए दोनों देशों ने इंडिया-जर्मनी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने का फैसला किया है. यह सेंटर ज्ञान, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन शेयर करने के लिए एक प्लेटफॉर्म के तौर पर काम करेगा. दोनों पक्ष क्लाइमेट, एनर्जी, शहरी विकास और शहरी मोबिलिटी से जुड़े प्रोजेक्ट्स पर भी मिलकर काम कर रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जर्मनी के चांसलर मर्ज का आभार जताते हुए कहा कि भारतीय नागरिकों के लिए वीजा-फ्री ट्रांजिट की घोषणा दोनों देशों के लोगों के बीच रिश्तों को और मजबूत करेगी.

### एकसाथ कार में बैठे मोदी-मर्ज

मोदी और मर्ज सभी कार्यक्रमों के बाद एक ही कार में साथ सफर किया. इसकी फोटो पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर साझा की. उन्होंने लिखा- भारत और जर्मनी की दोस्ती साझा मूल्यों, व्यापक सहयोग और आपसी समझ के जरिए लगातार मजबूत हो रही है.

### गांधी के आदर्शों की आज ज्यादा आवश्यकता

दोनों नेताओं ने सबसे पहले अहमदाबाद में साबरमती आश्रम पहुंचकर महात्मा गांधी को नमन किया था. साबरमती आश्रम का दौरा करने के बाद मर्ज ने गेस्ट बुक ने लिखा- महात्मा गांधी की अहिंसा की अवधारणा, स्वतंत्रता की शक्ति में उनका विश्वास और हरेक व्यक्ति की गरिमा में उनकी आस्था आज भी लोगों को प्रेरित करती है.

### आज भारत में 2000 से ज्यादा जर्मन कंपनियां : पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और जर्मनी के बीच द्विपक्षीय व्यापार अब अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है, जो 50 अरब डॉलर से अधिक हो चुका है. उन्होंने बताया कि भारत में 2,000 से ज्यादा जर्मन कंपनियां लंबे समय से काम कर रही हैं, जो भारत पर उनके मजबूत भरोसे और यहां मौजूद अवसरों को दर्शाता है. इसका साफ उदाहरण इंडिया-जर्मनी सीईओ फोरम में देखने को मिला.

# नंबर वन अर्थव्यवस्था बनेगा भारत

## मप्र स्टार्टअप समिट को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा

**156** स्टार्टअप को 2.5 करोड़ की प्रोत्साहन राशि दी

**21** स्टार्टअप को 817 करोड़ की उद्यम क्रांति राशि की अंतरित



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 12 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए केन्द्र सरकार के साथ राज्य सरकारें भी लगातार प्रयास कर रही हैं. उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि युवाओं के दम पर हम बहुत जल्द दुनिया की तीसरी और फिर नंबर-1 अर्थव्यवस्था बनकर रहेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को रवीन्द्र भवन में आयोजित 2 दिवसीय मध्यप्रदेश स्टार्टअप समिट-226 को संबोधित कर रहे थे.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समिट के दौरान 156 स्टार्ट-अप को 2.5 करोड़ रुपए से अधिक की प्रोत्साहन राशि तथा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में 21 स्टार्ट-अप को 8.17 करोड़ रुपए से अधिक की ऋण राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न सफल और विकासशील स्टार्ट-अप के फाउंडर्स और इंक्यूबेटर्स को सम्मानित किया.

( शेष पेज 7 पर )

### स्टार्टअप की संख्या 10 हजार तक पहुंचाना चाहती है सरकार

प्रमुख सचिव, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि मप्र में 6500 से अधिक रजिस्टर्ड स्टार्ट-अप संचालित हो रहे हैं. इनमें से 3100 से अधिक स्टार्टअप को महिलाएं लीड कर रही है. राज्य सरकार ने पिछले साल नई स्टार्टअप नीति लागू की है. मप्र स्टार्टअप सेक्टर में लीडर स्टेट है. राज्य सरकार नवाचारी सोच के साथ स्टार्ट-अप की संख्या 10 हजार तक पहुंचाना चाहती हैं. स्टार्टअप को फंड्स का ग्रांट और इंसेंटिव सब्सिडी दी जा रही है. मध्यप्रदेश में संचालित 47 प्रतिशत स्टार्ट-अप का नेतृत्व महिलाओं के हाथों में है. हमारी महिलाएं भी अच्छी उद्यमी बन सकती हैं. प्रदेश के युवा आज नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार प्रदान करने वाले उद्यमी बन रहे हैं.

## एक नजर में



### बांग्लादेश जेल में हिंदू सिंगर की मौत

**ढाका.** बांग्लादेश में एक बार फिर हिरासत में मौत का मामला सामने आया है, जिसने देश में अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा और मानवाधिकारों को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. मशहूर गायक और अवामी लीग के वरिष्ठ नेता प्रोलय चाकी की पुलिस और जेल हिरासत के दौरान मौत हो गई. रविवार देर शाम उन्होंने राजशाही मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अंतिम सांस ली. प्रोलय चाकी अवामी लीग की पाबना जिला इकाई में सांस्कृतिक सचिव के पद पर कार्यरत थे. इसके अलावा वे जिला अवामी शिल्पी गोष्ठी के महासचिव और बनमाली शिल्पकला केंद्र के संयुक्त सांस्कृतिक सचिव जैसे अहम पदों पर भी अपनी सेवाएं दे चुके थे.

### स्थायी सदस्यता का चिली ने किया समर्थन

**सैंटियागो.** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की मांग को लेकर दुनिया के कई देशों ने समर्थन जताया है. इन देशों में चिली भी शामिल है. इस बीच भारत और चिली एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के अंतिम चरण में हैं. इसी संदर्भ में भारत में चिली के राजदूत जुआन अंगुलो ने एक विशेष बातचीत में दोनों देशों के संबंधों, बहुपक्षवाद और संयुक्त राष्ट्र की भूमिका पर अपने विचार साझा किए. भारत में चिली के राजदूत जुआन अंगुलो ने कहा कि भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाओं की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत आवाज बेहद जरूरी है. उन्होंने कहा, हमें लगता है कि भारत जैसे देशों की अंतरराष्ट्रीय मंच पर उपस्थिति और आवाज जरूरी है.

# ट्रंप वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति!

- सोशल मीडिया ट्रुथ पर किया पोस्ट
- पद संभालने का ट्रंप ने किया जिक्र

**वॉशिंगटन/काराकस, 12 जनवरी (वार्ता) अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक तस्वीर साझा की है, जिसमें उन्होंने खुद को वेनेजुएला का 'कार्यवाहक राष्ट्रपति' भी बताया है.**



साझा की गई तस्वीर एक विकिपीडिया पेज का डिजिटल रूप से संपादित स्क्रीनशॉट है. इसमें ट्रम्प को जनवरी 2026 से पदस्थ लिखा गया है. इसके अलावा इस तस्वीर में उन्हें अमेरिका के 45वें और 47वें राष्ट्रपति के रूप में भी दर्शाया गया है. वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिकी सेनाओं के अगवा किए जाने के बाद ट्रम्प ने कहा था कि अमेरिका फिलहाल वेनेजुएला का संचालन तब तक करेगा.

### ट्रम्प का डोनरो सिद्धांत बना बहुध्रुवीय दुनिया की कुंजी-जार्ज यिओ


नई दिल्ली, 12 जनवरी. सिंगापुर के पूर्व विदेश मंत्री और प्रमुख रणनीतिक विचारक जॉर्ज योंग-बून यिओ ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नयी डोनरो डॉक्ट्रिन वैश्विक व्यवस्था को बहु-ध्रुवीय दुनिया की ओर तेजी से ले जा रही है. श्री यिओ ने एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि इस बदलती व्यवस्था में भारत और चीन अपने संबंधों को स्थिर करने की दिशा में काम करेंगे.

# पीएसएलवी-सी62 रॉकेट रास्ते से भटका, मिशन फेल

## विफलता : तीसरी स्टेज में गड़बड़ी आई, अन्वेषा सहित 16 सैटेलाइट लेकर गया था

**श्रीहरिकोटा, 12 जनवरी. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का पीएसएलवी-सी62/ईओएस-एन1 मिशन रविवार को तकनीकी खामी के कारण विफल घोषित कर दिया गया.**

इस मिशन के तहत रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित अत्यंत गोपनीय हाइपरस्पेक्ट्रल निगरानी उपग्रह 'अन्वेषा' का प्रक्षेपण किया था, लेकिन रॉकेट के तीसरे चरण (पीएस3) के अंतिम चरण में आई गड़बड़ी के कारण उपग्रह को निर्धारित कक्षा में स्थापित नहीं किया जा सका.



वहीं रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने गतिमान लक्ष्य को निशाना बनाने में सक्षम मैन पोर्टेबल टैंक रोधी गाइडेड मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया है. इसरो के अनुसार, मिशन के दौरान पीएसएलवी रॉकेट का उड़ान क्रम सामान्य रूप से आगे बढ़ रहा था, लेकिन तीसरे स्टेज के अंत में रॉकेट मार्ग से भटक गया, जिससे पेलोड को अपेक्षित कक्षा में इंजेक्ट नहीं किया जा सका. इसके बाद इसरो ने मिशन को विफल घोषित करते हुए विस्तृत तकनीकी विश्लेषण (डिटेल्ड एनालिसिस) शुरू कर दिया है. दरअसल, इसरो का यह 64वां पीएसएलवी मिशन (पीएसएलवी-सी62/ईओएस-एन1) आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सुबह 10.18 बजे प्रक्षेपित किया था.

### इनका कहना है

रॉकेट के पहले और दूसरे स्टेज तय मानको के अनुसार चले. हालांकि तीसरी स्टेज के अंत में गड़बड़ी आ गई. हम जांच कर रहे हैं.

डॉ. वी नारायणन,
इसरो चीफ

# केंद्र और ईसी को सुको का नोटिस

**नई दिल्ली, 12 जनवरी. सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल से जुड़े विधेयक, 2023 के एक प्रावधान को चुनौती देने वाली जनहित याचिका (पीआईएल) पर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है.**

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग से जवाब मांगा है, क्योंकि एक कानून में ऐसा प्रावधान है, जो मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों को उनके काम के दौरान किए गए किसी भी फैसले या कार्रवाई के लिए पूरी जिंदगी कानूनी कार्रवाई से बचाने की बात करता है.

याचिकाकर्ता का कहना है कि इतनी बड़ी छूट संविधान बनाने वालों ने जजों को भी नहीं दी, तो संसद चुनाव आयुक्तों को कैसे दे सकती है.


### जन नायकन की रिलीज पर रोक को सुको में चुनौती

**नई दिल्ली, 12 जनवरी.** अभिनेता विजय की आखिरी फिल्म जन नायकन के निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने संबंधी मद्रास उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है. उच्च न्यायालय की प्रथम पीठ ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) को फिल्म को यू/ए प्रमाणपत्र देने का निर्देश देने वाले एकल पीठ के अपने ही आदेश पर रोक लगा दी थी.

# भारत से जरूरी कोई देश नहीं : अमेरिकी राजदूत

- सर्जियो गोर ने अमेरिकी दूतावास में कार्यभार संभाला
- अमेरिका से आज अहम ट्रेड डील पर होगी बात

**नई दिल्ली, 12 जनवरी. भारत और अमेरिका लगातार ट्रेड डील पर बातचीत कर रहे हैं और अगली बैठक मंगलवार यानी आज प्रस्तावित है. यह बयान नई दिल्ली में हाल ही में नियुक्त हुए अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर की ओर से सोमवार को दिया गया.**



अमेरिकी दूतावास में कार्यभार संभालने के दौरान स्टाफ और पत्रकारों से बातचीत करते हुए गोर ने कहा कि अमेरिका के लिए भारत से ज्यादा जरूरी कोई देश नहीं है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए शुभकामनाएं भेजी हैं. गोर ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच दोस्ती असली है और भारत एवं अमेरिका का रिश्ता केवल आपसी हितों पर केंद्रित नहीं है, बल्कि उच्चतम स्तर पर बने रिश्तों से भी बंधे हुए हैं.

### शक्सगाम घाटी को लेकर भारत-चीन के बीच विवाद

**बीजिंग, 12 जनवरी.** शक्सगाम घाटी को लेकर भारत और चीन के बीच विवाद फिर तेज हो गया है. चीन ने भारत की आपत्तियों के बीच सोमवार को शक्सगाम घाटी पर क्षेत्रीय दावों को दोहराया. चीन ने कहा कि इस इलाके में उसकी बुनियादी ढांचा परियोजनाएं बिल्कुल उचित हैं. भारत ने प्रोजेक्ट की आलोचना करते हुए कहा था कि यह भारतीय क्षेत्र है और उसके पास अपने हितों की रक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने का अधिकार है.

**भविष्यवाणी** | **100 साल बाद बना पंचग्रही योग!**

# 3 दिन में बदल सकता है आपका करियर और धन योग

**डॉ. आशुतोष उपाध्याय**

जनवरी 2026 में बनने वाला पंचग्रही योग एक बहुत ही दुर्लभ ज्योतिषीय घटना है। इसमें पाँच ग्रह एक साथ मकर राशि में आ रहे हैं। ऐसा योग लगभग 100 साल में एक बार ही बनता है। यह खास संयोग 18 से 20 जनवरी 2026 के बीच रहेगा, जब शुक्र, सूर्य, मंगल, बुध और चंद्रमा एक ही राशि में मौजूद रहेंगे। ज्योतिष के अनुसार, इस योग का छह राशियों पर असर पड़ेगा. खासकर मकर, वृषभ और सिंह राशि के लोगों के जीवन में बड़े बदलाव, करियर में आगे बढ़ने के मौके और पैसों से जुड़े अवसर आ सकते हैं। इस योग में शामिल पाँच ग्रह हैं-शुक्र, सूर्य, मंगल, बुध और चंद्रमा।

( शेष पेज 7 पर )




### विस्तृत ग्रह गोचर समय रेखा

| तारीख | ग्रह | समय | प्रभाव |
|---|---|---|---|
| 13 जनवरी 2026 | शुक्र | सुबह 6:42 बजे | धन और रचनात्मक अवसर |
| 14 जनवरी 2026 | सूर्य | सुबह 2:35 | बजे नेतृत्व, आत्मविश्वास ; मकर संक्रांति |
| 16 जनवरी 2026 | मंगल | रात 11:18 बजे | ऊर्जा और महत्वाकांक्षा |
| 17 जनवरी 2026 | बुध | शाम 4:15 बजे | बिज़नेस और रणनीति |
| 18-20 जनवरी 2026 | चंद्रमा | 51 घंटे | पंचग्रही योग पूर्ण |

18 से 20 जनवरी 2026 के बीच लगभग 51 घंटे तक पंचग्रही योग पूरी तरह सक्रिय रहेगा।

# चीन ने कई देशों में राजदूत बदले

**बीजिंग, 12 जनवरी. चीन ने फिलीपींस और नीदरलैंड सहित विभिन्न देशों में अपने राजदूतों को बदल दिया है. एक आधिकारिक बयान में सोमवार को बताया गया कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने नेशनल पीपल्स कांग्रेस की स्थायी समिति के फैसले के अनुसार श्री जिंग क्वान को श्रू हुआंग जीलियन की जगह फिलीपींस में राजदूत नियुक्त किया है.**



वहीं, श्री शेन बो को टैन जियान की जगह नीदरलैंड में राजदूत नियुक्त किया गया है. श्री जियांग वेई को श्री झांग यानलिंग की जगह एंटीगुआ और बारबुडा में राजदूत नियुक्त किया गया है. श्री ली जियांग को श्री चेन ज़ीहोंग की जगह माली में राजदूत नियुक्त किया गया है. श्री यांग शिन को श्री झांग जियानवेई की जगह कुवैत राज्य में राजदूत नियुक्त किया गया है. श्री झाओ योंग को श्री वांग किंग की जगह सिएरा लियोन गणराज्य में राजदूत नियुक्त किया गया है. बयान में बताया गया कि श्री कांग यान को श्री वांग शुनकिंग की जगह स्लोवेनिया में राजदूत नियुक्त किया गया है.